प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.01.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

गुरु गोविंद सिंह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ने कहा कि मानवता की भलाई के लिए गुरु गोविंद सिंह की निस्वार्थ भक्ति नागरिकों को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने हमेशा समानता और न्याय की वकालत की। राष्ट्रपति ने कामना की कि गुरु गोविंद सिंह की शाश्वत शिक्षाएं देश को धार्मिकता, शांति और सद्भाव के मार्ग पर ले जाएं।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के विचार नागरिकों को प्रगतिशील, समृद्ध और दयालु समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

सोलर प्लांट

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्र काज़ा में दो मैगावॉट का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुनिश्चित और सुचारू बनाना है। उन्होंने कहा कि कुछ ही महीनों में एक मैगावॉट आवर बैटरी स्टोरेज को भी इस प्लांट में जोड़ कर इसे पूर्ण रूप से स्थापित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ग्रीन स्टेट बनाने के लिए राज्य सरकार सोलर पावर का अधिक से अधिक दोहन करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026–27 तक प्रदेश में 50 हजार उपभोक्ताओं के घरों पर रूफ–टॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए अभी तक चार हजार चार सौ आवेदन मिले हैं। मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खर्चों को नियंत्रित करने सहित विद्युत सब्सिडी व स्टाफ का युक्तिकरण किया जा रहा है।

चुनाव

प्रदेश में भाजपा के 17 संगठनात्मक जिलों में से 16 जिलों में अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया जारी है। इन 16 जिलों में से 9 जिलों में अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुन लिए गए हैं जबकि 7 जिलों में अध्यक्षों का चुनाव आज होगा।

राज्य में प्रदेश भाजपा के 17 संगठनात्मक जिलों में से 16 जिलों में अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया के तहत 7 जिलों में अध्यक्षों का चुनाव आज होगा। बीते कल 16 जिलों में से 9 जिलों में अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित कर लिए गए हैं। पार्टी चुनाव अधिकारी व सांसद राजीव भारद्वाज ने बताया कि इनमें चंबा से धीरज नरयाल, पालमपुर में रागिनी रकवाल, देहरा में अजय खट्टा, कुल्लू में अमित सूद, सुंदरनगर में हीरा लाल, मंडी में निहाल चंद शर्मा, सोलन में रतन पाल, सिरमौर में धीरज गुप्ता जबकि लाहौल स्पीति में रिंगजिंग हरिअप्पा अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। इस बीच सभी निर्वाचित जिला अध्यक्षों ने कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

पैरासिटामोल

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने घोषणा की है कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने बुखार कम करने और दर्द से राहत प्रदान करने में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल दवा के उत्पादन के लिए एक स्वदेशी तकनीक विकसित की है। उन्होंने कहा कि इस नवाचार का उद्देश्य इस दवा को बनाने के लिए कच्चे माल के आयात पर निर्भरता कम करने और पैरासिटामोल के विनिर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

पूर्ण राज्यत्व दिवस

55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस 25 जनवरी को कांगड़ा ज़िला के बैजनाथ में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और इस अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। इस संबध में सामान्य प्रशासन विभाग ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को तैयारियां करने के दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

विंटर कार्निवाल

राजधानी शिमला में इन दिनों विंटर कार्निवाल की धूम है। कार्निवाल में जहां पर्यटक हिमाचल प्रदेश की संस्कृति से रूबरू हो रहे हैं तो वहीं पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी ले रहे हैं। विंटर कार्निवाल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

डिस्पैच.....

पहाड़ों की राजधानी शिमला में इन दिनों सर्द हवाओं के बीच विंटर कार्निवाल की धूम अपने चरम पर है। कार्निवाल में स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटक, स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉलों में विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चख रहें हैं और यहां की संस्कृति से भी रूबरू हो रहे हैं। कार्निवाल के सातवें दिन कल प्रिंस और प्रिंसेस विंटर कार्निवाल प्रतियोगिता के विजेता चुने गए। कार्निवाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लोगों का खूब आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इस दौरान जहां हिमाचली कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह रहे हैं तो वहीं बाहरी राज्यों के कलाकार भी लोगों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत धूप के बीच हल्के बादलों के साथ हुई है। पिछले कई दिनों से मौसम साफ रहने और धूप खिलने से न्यूनतम व अधिकतम तापमान में सामान्य से चार से 7 डिग्री सैल्सियस तक बढ़ौतरी दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते आज उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।